ont>

Title: Need to construct an over-bridge/under-bridge on rail line at Gangdhara, Veerpar and Uchchhal on National Highway No. 6 in Gujarat. **–** Laid.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी) : महोदय, सूरत-वडोदरा-धुलिया राष्ट्रीय राजमार्ग 6 का अपग्रेडेशन होने एवं औद्योगिक शहर होने के कारण इस राजमार्ग पर 24 घंटों भारी यातायात रहता है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग गंगधरा, वीरपार एवं उच्छल स्थानों पर भूसावल एवं सूरत के बीच रेलवे लाईन को काटता है, जहां पर कोई ओवरब्रिज एवं अंडर ब्रिज नहीं है, जिसके कारण इन्हीं स्थानों पर व्यस्त यातायात के समय जाम होता है, जिससे लोगों को बहुत असुविधा होती है।

अतः लोकहित में और यातायात को ठीक प्रकार से चलने के लिए इन जगहों पर रेलवे का ओवरब्रिज या अंडरब्रिज बनना अति आवश्यक है।

सरकार से अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 6 पर पड़ने वाले गंगधरा, वीरपार, उच्छल स्थानों पर ओवरब्रिज या अंडरब्रिज शीघ्र बनाया जाये।